हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025



10 श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने बड़गांव में तुलसी जयंती...





12 खाद संकट से राहत दिलाने की मांग की, कलेक्टर ...






## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी की मासिक बैठक 6 अगस्त को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 अगस्त को सुबह 12 बजे से किया जा रहा है। पेंशनधारी कल्याण संघ अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया बैठक में प्रांतीय संगठन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण की जानकारी प्रदान की जाएगी, पेंशनरों को इनकम टेक्स रिटर्न जमा करने की जानकारी दी जाएगी।

### चना फेफडे में फंसा बच्चे की हुई मौत

**भिलाई।** मटर चना फेफडे में फंसने से मासूम बच्चें की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना ग्राम पौहा का है। मिली जानकारी के मुताबिक जामगांव आर थाना क्षेत्र के ग्राम पौहा में तीन वर्षीय वर्षीय सिद्धांत मटर खाते हुए मोबाइल पर वीडियो देख रहा था। इसी दौरान चाचा ने मोबाइल छीन लिया। मोबाइल छीनते ही बच्चा घबरा गया और मटर का दाना उसके गले में अटक गया। मटर का दाना सीधे फेफड़ों में जा फंसा। तुरंत उसे परिजनों ने घरेलु नुस्खे अपनाकर दाना निकालने की कोशिश की। । सिद्धांत को शंकराचार्य अस्पताल लेकर गए। जहां रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया।

### ट्रैफिक पुलिस के विशेष दल ने की कार्रवाई

**भिलाई।** सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित शिव महापुराण कथा कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस रात्रिकालीन ट्रैफिक नियंत्रण के लिए रात 9 से 12 बजे तक विशेष प्रवर्तन दल बनाया गया है। दल आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं की वापसी के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखन, स्थल पर रुके नागरिकों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने का काम करेगी। दल द्वारा रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। जिसमें ड्रिंक एंड ड्राइव के अंतर्गत 5 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के उपयोग 18, तेज रफ्तार 17, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन 7, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन 8 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने बेहतर व्यवस्था देने के लिए यह प्रयास किया है।

### नशे के कारोबारियों पर हुई कार्रवाई

**भिलाई।** नशे के अवैध करोबार पर पूरी तरह लगाम लगाने का प्रयास दुर्ग पुलिस कर रही है. इसी के मद्देनजर पुलिस चौकी जेवरा सिरसा पुलिस ने अभियान चलाकर ग्राम कचांदूर खेल मैदान के पास अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पकड़ा है। घेराबंदी कर स्कूटी सीजी 07 सीयू 3739 सवार राजू माण्डे को पकड़ा है। उसके पास से पुलिस ने 61 पौवा देशी शोले मसाला कुल 10.98 वर्ग लीटर 6 हजार रुपए का जब्त किया। नगदी रकम 200 रुपए मिला। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

# डीएमएफ फंड में अनियमितता की जांच के बाद नया कार्य प्रारंभ होगा

## सांसद नाग ने कहा जांच के आदेश दिए गए हैं, गड़बड़ी उजागर होने पर कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा और आदिवासी बाहुल्य विकासखंड डौंडी सहित बालोद जिले के डीएमएफ फंड में अरबों की गड़बड़ी का सामने आया है। डिप्टी सीएम एवं बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा आज बालोद पहुंच रहे हैं, उनसे इस मामले में शिकायत हो सकती है।

इस संबंध में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग का कहना है कि बालोद जिले में डीएमएफ फंड में हुए अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। जब तक जांच नहीं हो जाती, तब तक कोई भी कार्य डीएमएफ में अभी नया नहीं प्रारंभ करेंगे। इस संबंध में पूर्व में सांसद भोजराज नाग ने बालोद जिला मुख्यालय में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि डीएमएफ फंड की पूरी जांच होगी, सूक्ष्म जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषी अधिकारियों और कार्य एजेंसी के खिलाफ में एफआईआर दर्ज किया जाएगा, परंतु सांसद के आदेश की खुलेआम अवहेलना हुई है उल्लंघन हुआ है। सूत्रों की मानें तो कुछ अधिकारी अभी भी पदों पर जमे हुए हैं और साक्ष्य मिटाने में लगे हुए हैं। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि डीएमएफ फंड को जनहित की जगह 'जेब हित' में तब्दील कर दिया गया।



### पक्ष और विपक्ष ने उठाया मामला

सत्तापक्ष से जुड़े नेताओं द्वारा की जाने वाली शिकायतें इस पूरे मामले को और विस्फोटक बना सकती हैं, क्योंकि अब सत्ता और विपक्ष एक साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलने जा रहा हैं। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को दिए जाने वाले दस्तावेजों में वर्षों से चली आ रही घोटालेबाज़ी, फर्जी निर्माण कार्य, बिना काम के भुगतान, नियमों की धज्जियां और 'पेपर प्रोजेक्ट में पैसे की बारिश' जैसे आरोपों का जिक्र है।



## कार्रवाई

### वन विभाग ने ढोर्रीठेमा में आरोपियों को पकड़ा, 2 बंदूक और बाइक जब्त

# 22 मृत वन्य जीव जब्त तीन शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. बालोद/डौण्डी

जिले के डौण्डी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोर्रीठेमा में वन विभाग ने 22 मृत वन्य जीवों के साथ तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी जंगल से शिकार कर लौट रहे थे, तभी विभाग की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 मृत वन्यजीवों के साथ 2 बंदूकें और मोटरसायकिल जब्त की है। बताया जा रहा है कि आरोपी इसके पूर्व भी वन्य जीवों का शिकार कर चुके हैं। मामले में वन विभाग जांच कर रहा है।







**1 बाज, 3 हरील, 1 बटेर, 2 गिलहरी और 15 पक्षी जांच में मिले**

जानकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में विजय कुमार उसेंडी 20 वर्ष, हेमलाल 40 वर्ष और ईशांत कुमार उसेंडी 18 वर्ष शामिल है, जो मथेना गांव के निवासी है। वन विभाग ने इनके पास से 22 मृत वन्य जीव बरामद किए हैं जिनमें 1 बाज, 15 छोटे पक्षी, 3 हरील, 1 बटेर और 2 गिलहरी शामिल हैं। सभी मृत वन्यजीवों का पोस्टमार्टम किया गया है। इसके अलावा आरोपियों के पास से शिकार के लिए उपयोग की गई 2 बंदूकें और एक मोटरसायकिल भी जब्त की गई है। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पेण्ड्री बीट में गर्भवती हिरणी की मौत





**दल्लीराजहरा।** दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेण्ड्री बीट में एक गर्भवती हिरणी की रहस्यमय और दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। वन विभाग की लापरवाही और असंवेदनशीलता को लेकर वन प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। पेंडी पचेड़ा स्थानीय ग्रामीणों की सूचना के अनुसार एक मादा हिरणी घायल अवस्था में देखी गई, जिसे आवारा कुत्तों का झुंड दौड़ा रहा था। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हिरणी को घायल हालत में सरकारी पशु चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

■ ग्रामीणों ने वन अमला पर उठाये सवाल, कुत्तों का हमला या गोली से मौत बना रहस्य

### 1972 के तहत कड़ी कार्रवाई संभव : अधिवक्ता



इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता नीलकमल गर्ग ने कहा कि अगर हिरणी की मौत गोली से हुई है और यह शिकार का मामला साबित होता है, तो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कड़ी कार्रवाई संभव है। धारा 9: किसी भी अनुसूचित जानवर (हिरण सहित) को मारना प्रतिबंधित है। धारा 51: उल्लंघन करने पर तीन से सात वर्ष तक की सजा और 25 हजार से अधिक का जुर्माना हो सकता है। गर्भवती जानवर की हत्या होने पर, मामला और अधिक गंभीर मानकर भारतीय दंड संहिता की धारा 429 भी लागू की जा सकती है। दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मामले की जांच की मांग करते हुए वन विभाग की पूरी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

### पोस्टमार्टम में बड़ा खुलासा

पोस्टमार्टम में यह सामने आया कि मृत हिरणी गर्भवती थी और उसके पेट में बच्चा भी था, जिसकी मौत भी हो चुकी थी। इससे वन्यजीव प्रेमियों की पीड़ा और भी गहरी हो गई। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने दावा किया कि हिरणी की मौत कुत्तों से नहीं बल्कि गोली लगने से हुई है, यह यदि सच साबित होता है, तो यह एक गंभीर वन्यजीव अपराध बनता है।

### पोस्ट मार्टम रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

प्रथम दृष्टियां में 6 कुत्तों द्वारा झुंड बनाकर गर्भवती हिरणी पर हमला किया गया। इस कारण मादा हिरणी की मौत हुई है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ खुलासा होगा।

- अभिषेक अग्रवाल, जिला वनमंडाधिकारी

# पशुओं की लड़ाई में दो युवक घायल, एक की हालत नाजुक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगरपालिका, स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही ने एक बार फिर दल्लीराजहरा की सड़कों को खून से लाल कर दिया। अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय के सामने मुख्य सड़क इंटक ऑफिस के पास आवारा पशुओं की भिड़ंत में दो नवयुवक बुरी तरह घायल हो गए। इनमें से एक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

दोनों घायल युवक सुरडोगर निवासी हैं और फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। जहां एक तरफ घुमंतू पशुओं का आतंक पूरे शहर में सिर चढ़कर बोल रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। 31 जुलाई को बालोद कलेक्टर और दल्लीराजहरा एसडीएम द्वारा जारी आदेश और प्रेस विज्ञप्ति को तीन दिन भी नहीं बीते थे, कि आदेश की धज्जियाँ उड़ाते हुए फिर एक भयावह हादसा हो गया।

प्रशासन द्वारा घोषित दंडात्मक कार्रवाई अब केवल एक मजाक बनकर रह गई : ▶▶| शेष पेज 11 पर

### क्या कहते हैं अधिकारी जनप्रतिनिधि

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू कहते हैं की घुमंतू मवेशियों के पशुपालकों के खिलाफ में शासन के आदेश अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम जनों से भी अपील किया जा रहा है कि पशु पशुओं को बाहर ना छोड़े कांजी हाउस में रखें या घर पर रखें।

### कागज पर आदेश जमीन पर हादशा

31 जुलाई को जारी किए गए आदेश में स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि अगर कोई पशु मालिक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता है, तो उस पर पशु क्रूरता अधिनियम 1960 और भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन हकीकत यह है कि इस आदेश का पालन ना नगर पालिका करवा रही है, ना ही कोई जिम्मेदार अधिकारी इसे लागू कराने के मूड में दिख रहा है। दल्लीराजहरा में आए दिन घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं। लोग सड़क पर चलने से डरने लगे हैं, लेकिन प्रशासनिक तंत्र अब भी गहरी नींद में है।

# नगर में सजीं राखी की दुकानें



**डौंडीलोहारा।** इस वर्ष 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा, जो अब सिर्फ 6 दिन शेष है। गली-मोहल्ले, चौक- चौराहों में राखी की दुकानें सज गई है। अभी बहनें सरहद के उस पार या अन्यत्र निवास करने वाले अपने भाइयों को भेजने के लिए राखियां खरीद रही है। राखी के लिए पोस्टऑफिस में स्पीडपोस्ट के माध्यम से जल्द से जल्द राखी गंतव्य तक पहुंचे ऐसी व्यवस्था भी की गई है। हरीश जनरल स्टोर के संचालक ने बताया कि दुकान में 5 से लेकर 500 तक की वैरायटी उपलब्ध है। इस वर्ष नये वैरायटी में एडी राखी आई है, जिसे बहने खूब पसंद कर रही है। बच्चों को लुभाने वाली स्पिनर राखी उपलब्ध है। इसके अलावा नजर रक्षा कवच राखी, लाइट व म्यूजिक वाली राखी तथा डोरी, लुंबा, चंदन, तुलसी गौरी व रुद्राक्ष की राखी भी उपलब्ध है, जो बहनों की पसंद बनी है।

## तिरगा पंचायत में 31 परिवारों को मिला पीएम आवास योजना का लाभ

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना की 20वीं किस्त को जारी किया गया, जिसका सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत तिरगा के ग्रामीणों ने देखा और सुना। ग्राम पंचायत प्रांगण में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

ग्राम पंचायत सचिव सूर्यकांत देशमुख, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग तथा अन्य विभागों के सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस विशेष सभा में बताया गया



कि छत्तीसगढ़ सरकार तथा केंद्र सरकार की संयुक्त महत्वाकांक्षी आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिरगा के 31 पात्र परिवारों को अब तक लाभ मिल चुका है। इन परिवारों के मकान निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, नवीन /"ऑनलाइन आवास 2025/" मोबाइल एप के माध्यम से भरे गए 258 आवेदन फॉर्म के जियो टैगिंग कार्य को ग्राम पंचायत द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा इन आवेदनों का सर्वेक्षण किया जाना अभी शेष है। ग्राम सरपंच घसिया राम देशमुख ने बताया कि "छत्तीसगढ़ सरकार की यह योजना ग्रामीण गरीबों के लिए सहारा है उनके आशियाने के सपने को साकार करने का सशक्त माध्यम बन रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ना ताकि गांव के समग्र विकास में सहभागी बनाना। इस दौरान कई गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी उपस्थित रही जिसमे शामिल थे। सरपंच घसिया राम देशमुख, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश्वर बेहरा, सचिव सूर्यकांत देशमुख, रोजगार सहायक तेजेश्वरी देशमुख, पंच शिव प्रसाद देशमुख, रुखमन लाल देशमुख, रामसाय देशमुख, ईश्वरी लाल देशमुख, घनश्याम सिंह देशमुख सहित नंदकुमार बेलबीजौर, मेहतर देशमुख, ऑपरेटर अजय देशमुख, ओमकार सारथी, राजेंद्र ठाकुर, संतु राम ठाकुर, तुलसीराम देशमुख उपस्थित थे।




# किसी ने बेच दी सब्जी मंडी की आबंटित दुकानें तो कोई कब्जा कर चला रहा व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई के आकाशगंगा में थोक सब्जी विक्रेताओं को दुकान, चबूतरा, नीलामी की बड़ी दुकान आदि को व्यवस्थापित किया गया था। यह सब्जी मंडी पावर हाउस से आकाशगंगा में स्थापित की गई थी। जब सब्जी मंडी छोटी पड़ रही थी, तब आकाशगंगा में लगभग 30 वर्ष पूर्व बसाया गया था। आकाशगंगा के थोक सब्जी विक्रेताओं द्वारा नगर निगम भिलाई को मासिक किराया नहीं जमा किया जा रहा है। ज्यादातर दुकान आपस में खरीदी बिक्री किए हैं, कुछ दुकान ऐसी हैं जहां पर कोई दूसरा व्यक्ति व्यापार कर रहा है। जबकि उसकी दुकान पर कोई और व्यक्ति व्यापार कर रहा है। सभी लोग एक दूसरे के स्थान पर बैठकर व्यापार कर रहे हैं।

## आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी में दुकानों का निगम ने शुरू किया सत्यापन

### दुकानों पर बढ़ा लिए शेड

अधिकांश व्यापारियों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार अपने शेड को बढ़ा लिया गया है। चबूतरे को घेर लिया गया है, जिसके कारण ट्रकों के आने जाने माल उतारने में एवं खरीदी बिक्री करने में परेशानी हो रही है। व्यापारी एक दूसरे की शिकायत भी कर रहे हैं। सभी का सत्यापन करने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व अधिकारी, भवन अधिकारी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी के साथ कर्मचारियों का दल लगाया गया है।



### महज 60 रुपए का किराया तक नहीं दे पा रहे हैं व्यापारी

आपसी सहमति के अनुसार चबूतरे का किराया मात्र 60 रुपए एवं विक्रेता नीलामी दुकान का किराया 250 रुपए महीना के लगभग है। व्यापारी वहां से लाखों का व्यापार कर रहे हैं। फिर भी अपना निर्धारित शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। नगर निगम वहां पूरी सुविधा प्रदान कर रहा है, रोज हजारों की भीड़ होती है। दूर-दूर से ट्रकों में माल आता है, वहीं से छोटे व्यापारी खरीद करके ले जाते हैं। शादी, जन्मोत्सव एवं अन्य अवसर पर आम आदमी भी वहां से सब्जी खरीदी करते हैं। सभी का सत्यापन करने के बाद उन्हें स्थापित किया जाएगा।

### दस्तावेजों का सत्यापन के लिए बनी समिति, निगम करेगा जांच

थोक सब्जी मंडी में जाकर बकायादारों को पैसा जमा करने के लिए नोटिस किया गया। इसके साथ ही अन्य दुकानों का सर्वे का काम शुरू हो गया है। थोक सब्जी मंडी समिति के अध्यक्ष एवम वहां के व्यापारियों के मांग पर बुधवार के दिन 10 बजे सभी व्यापारी अपने-अपने दुकान का जो भी दस्तावेज है उसको लेकर आएंगे। नगर निगम की टीम जाकर उसकी जांच करेंगे कि इस दुकान पर कौन सा व्यापारी सामान बेच रहा है। इसका पूरा सत्यापन किया जाएगा जो लोग पैसा नहीं जमा किए हैं उनके ऊपर कारवाई की जाएगी। सर्वे के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी, राजस्व विभाग से उन्मेष साहू, भवन अनुज्ञा शाखा से सिद्धार्थ साहू, इनाम सिंह कन्नौज, शशांक सिंह, नंदू सिन्हा, विवेक साहू, श्रीकांत यादव आदि अधिकारी कर्मचारी द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### विधायक रिकेश को मिला सदस्यता भूषण सम्मान

**भिलाई।** नवा रायपुर अटल नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारतीय जनता पार्टी का उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सदस्यता भूषण सम्मान से छत्तीसगढ़ के वैशाली नगर विधानसभा विधायक रिकेश सेन सम्मानित हुए। वर्ष 2024-25 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत 34 हजार से अधिक नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सदस्य भूषण सम्मान ने सम्मानित किया गया। श्री सेन ने कहा कि सभी ने राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और सुशासन के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना सहयोग एवं समर्थन प्रदान कर सदस्यता ग्रहण की। यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि आप सभी कार्यकर्ता भाई-बहनों और वैशाली नगर विधानसभा की जनता का सम्मान है, जिन्होंने इस लक्ष्य पूर्ति में अपना सहयोग मुझे दिया।

### संगीतमय सफर आज मरोदा सेक्टर में

**भिलाई।** ईमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप भिलाई द्वारा संगीतमय सफर का आयोजन रविवार शाम 5 बजे आत्मानंद गार्डन मरोदा सेक्टर में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे। सरंक्षक व नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर ने बताया कि सुरमय संगीत कार्यक्रम ग्रुप के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित है।

### मवेशी तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम नगपुरा स्थित जंगल हाउस रिसॉर्ट से मवेशी की तस्करी करते 9 मवेशियों को बचाया गया। विश्व हिंदू परिषद और पुलिस ने जंगल हाउस रिसोर्ट में पर दबिश दिया। जहां पर 6 तस्कर भी पुलिस गिरफ्त में आए। इसके अलावा बुरी स्थिति में कई मवेशियों को बांधकर रखा गया था। घटना नगपुरा पुलिस चौकी का है।

## संकट : यूनिवर्सिटी ने सीटें भरने के लिए चौथी बार खोला अपना प्रवेश पोर्टल

# जिले के 158 कॉलेजों में 77 हजार फॉर्म केवल 9 हजार विद्यार्थियों को एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**8 अगस्त तक विद्यार्थी नए सिरे से कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने दाखिले के लिए चौथी बार अपना प्रवेश पोर्टल खोला है। अभी यूनिवर्सिटी से संबंध जिले के 158 शासकीय और अशासकीय कॉलेजों में 56 हजार सीटों में प्रवेश होना बाकी है। अभी तक केवल 9 हजार स्टूडेंट्स ही दाखिला ले पाए हैं। यानी कॉलेजों में अभी भी 47 हजार सीटों में प्रवेश प्रक्रिया की पूरी होना बाकी है।

विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी सहित सभी कॉलेजों में प्रवेश के लिए कुल 77 हजार विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अवेदन किया था। लेकिन सीट पूरी फुल ना हो पाने के चलते अभी भी एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। आपको बता दें कि कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया डेढ़ महीने से शुरू है उसके बाद भी प्रवेशित विद्यार्थियों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।



### संकायवार सीटों की स्थिति

| | |
|---|---|
| बीए- | 18215 |
| बीकाम- | 14279 |
| साइंस- | 20965 |
| होम साइंस- | 270 |
| बिजनेस एडमिस्ट्रेशन- | 1280 |
| बेचलर ऑफ लॉ- | 440 |
| लाइबेरी ऑफ इंफारमेशन साइंस- | 230 |
| फिजिकल एजुकेशन - | 300 |
| एलएलएम- | 40 |
| कुल सीट- | 56019 |

### अतिरिक्त विषय का विद्यार्थियों ने नहीं किया चयन

उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले साल से ही सभी कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी है। जिसकी वजह से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मुख्य सब्जेक्ट के साथ एक अतिरिक्त विषय भी चयन करना है। ये अतिरिक्त विषय व्यवसायिक हैं। जिन विद्यार्थियों ने आवेदन भरे हैं उनमें से 47 हजार विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होने अतिरिक्त विषय का चयन ही नहीं किया। इसलिए यूनिवर्सिटी के पोर्टल में महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित बच्चों का डेटा ही नहीं भेजा गया है।

### एक जुलाई से शुरू होनी थी कक्षाएं

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से एक जुलाई से सभी कॉलेजों में अध्यापन शुरू करना है। इस हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया कॉलेजों को अपने- अपने हिसाब से पूर्ण करना है। मेरिट सूची भी इसी हिसाब से जारी करना था। यूनिवर्सिटी ने मेरिट सूची जारी करने के निर्देश प्राचार्यों को दिए गए हैं, लेकिन विद्यार्थियों का डेटा ही पूरा नहीं कर पाए हैं। जिसकी वजह एक जुलाई से कक्षाएं शुरू भी नहीं की जा सकी हैं।

### मुख्य कॉलेजों में तीसरी सूची जारी

साइंस कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, वैशाली नगर कॉलेज में प्रवेश के लिए तीसरी सूची जारी की जा चुकी है। अभी खुर्सीपार कॉलेज, भिलाई-3 कॉलेज, जामगांव-आर, कुम्हारी, उतई, पाटन आदि स्थानों के शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की तीसरी सूची जारी करने के बाद भी ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है। हेमचंद विवि की पोर्टल के अनुसार बीए में अभी तक कुल सीटों की तुलना में 33 फीसदी, कॉमर्स में 31.22 फीसदी, बीएससी जीव विज्ञान में 32.24 फीसदी और बीएससी गणित में 15 फीसदी छात्रों ने ही प्रवेश लिया है।

### 8 अगस्त तक खुला रहेगा पोर्टल

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने प्रवेश पोर्टल 8 अगस्त तक के लिए खोल दिया है। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एम फिल कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 9 अगस्त से महाविद्यालयों में दस्तावेजों के आधार पर प्रवेश शुरू हो जाएगा। 14 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी है।

### इंजीनियरिंग, कृषि, डेयरी में प्रवेश की प्रक्रिया जारी

इन दिनों राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों, पॉलीटेक्निक कॉलेजों, कृषि विद्यालयों, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालयों समेत अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले दिनों में मेडिकल कॉलेजों में भी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इसे देखते हुए विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। जानकारों का कहना है कि काउंसिलिंग के बाद बचने वाले विद्यार्थी भी अकादमिक विषयों में रुचि दिखाते हैं। इसकी वजह से महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़ेगी।

### अतिरिक्त विषय चयन में देरी

कॉलेजों में प्रवेश की तीसरी मेरिट सूची जारी हो गई है। प्रवेशित विद्यार्थियों को अतिरिक्त विषय लेने के लिए चयन का अवसर मिला है। विषय चयन नहीं होने की वजह से यूनिवर्सिटी के पोर्टल में कॉलेजों ने प्रवेश का डेटा अपलोड नहीं किए हैं। सीटों को भरने प्रवेश के लिए फिर से पोर्टल खोल दिया है। 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
**-राजमणि पटेल,** परीक्षा नियंत्रक हेमचंद यूनिवर्सिटी

# किसान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई





- जामुल थाना क्षेत्र की घटना
- डेढ़ साल बाद फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद जुर्म दर्ज
- एक गिरफ्तार

ग्राम ढौर सतनामी पारा निवासी किसान जुगल किशोर बंजारे के आत्महत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी प्रदीप यादव को गिरफ्तार तो किया, लेकिन अभी भी मामले का मुख्य आरोपी और उसके एक साथी फरार हैं। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाकर खोजबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक चंद्र नगर सड़क 6बी कोहका निवासी राहुल सिन्हा जो पूर्व पटवारी प्रभुनाथ का रिश्तेदार है और कोहका कुरुद शांति भवन निवासी इंद्रजीत यादव की पुलिस तलाश कर रही है। इंद्रजीत का ससुर रायपुर में पुलिस विभाग में पदस्थ है।

मुख्य आरोपी राहुल सिन्हा ने अपने साथी प्रदीप यादव और इंद्रजीत यादव के साथ मिलकर किसान जुगल किशोर बंजारे की जमीन को धमकी, मारपीट के जरिए दबाव डालकर हड़प लिया था। इससे परेशान होकर जुगल ने डेढ़ साल पहले अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसके पास से पुलिस को एक सुसायडल नोट मिला था। उस नोट में उसने राहुल सिन्हा, प्रदीप यादव और इंद्रजीत यादव का नाम लिखा था। तत्कालीन टीआई केशव राम कोशले ने सुसायडल नोट को सीधे जांच के लिए फोरेंसिक एक्टसपर्ट को भेज दिया।

इसके चलते जांच लंबित हो गई और करीब डेढ़ साल तक जांच रिपोर्ट ना आने से आरोपी खुलेआम शहर में घूमते रहे और मृतक के परिजन न्याय की गुहार लगाते रहे। इस बीच निरीक्षक केशव का तबादला जामुल थाने से हो गया। लेकिन उसने आरोपियों को इसलिए नहीं गिरफ्तार किया, क्योंकि सुसायडल नोट की जांच रिपोर्ट नहीं आई थी। जमीन कारोबारी राहुल सिन्हा इस दौरान जमीन का अवैध कारोबार करता रहा है और कोहका से बोगदा पुलिया जाने वाली रोड में आलीशान ऑफिस के साथ कई करोड़ की संपत्ति बना डाली।

जब एसएसपी विजय अग्रवाल ने मामले की जांच तेजी से करवाई और फोरेंसिक रिपोर्ट आई तो पुलिस ने धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर प्रदीप यादव को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन मुख्य आरोपी राहुल सिन्हा और इंद्रजीत फरार हो गए।

### कई किसानो से धोखाधड़ी करने का आरोप

पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आ रहा है कि राहुल सिन्हा, इंद्रजीत और प्रदीप यादव ने मिलकर अब तक कई किसानों की जमीन को फर्जी तरीके से अपने कब्जे में लिया और उसे बेचकर करोड़ो की कमाई की है। जिस तरह जुगल किशोर बंजारे के साथ किया ठीक उसी तरह कई किसानों से किया गया होगा। इन जमीन कारोबारियों की डर के कारण किसान सामने नहीं आ रहे हैं, लेकिन एसएसपी का कहना है कि यदि कोई ऐसा पीड़ित है तो वो जामुल थाना प्रभारी या उनसे सीधे मिले। पुलिस उन्हें न्याय दिलाएगी।

# फाइनेंशियल मैनेजमेंट को लेकर पुलिस कर्मियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देशन व एसएसपी विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में सीए बिल्डिंग सिविक सेंटर में फाइनेंसियल मैनेजमेंट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रथम वाहिनी, आठवीं वाहिनी, बारहवीं वाहिनी, तेरहवीं वाहिनी के 200 से अधिक अधिकारियों, जवानों ने हिस्सा लिया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से आए विशेषज्ञों द्वारा जवानों को इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, फाइनेंशियल लिटरेसी, कैपिटल मार्केट, मनी मैनेजमेंट को लेकर जानकारी दी गई। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि बचत की आदत हमारे भविष्य को सुरक्षित बनाती है। सैलरी स्लिप की सही फाइलिंग और साइबर फ्रॉड से सतर्क रहना आज की आवश्यकता है। विशेषकर गेमिंग एप्स जैसे झांसे से बचते हुए हमें स्वयं के साथ अपने परिवार को भी जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में पहुंचे जावेद हुसैन ने टेक्नोलॉजी के माध्यम से फाइनेंशियल लिटरेसी बढ़ाने के उपाय बताया है। शिवम भट्ट ने मंथली इनकम, खर्च प्रबंधन, इमरजेंसी फंड की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा की फाइनेंशियल मैनेजमेंट की मूल भावना हमारे घर की गृहिणियों में सहज रूप से मौजूद होती है। कार्यक्रम में एएसपी अभिषेक झा, डीएसपी लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# लीज नवीनीकरण संशोधन प्रस्ताव एक पक्षीय न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लीज नवीनीकरण प्रकरण पर भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण को लीज नवीकरण विषय पर संशोधन के प्रस्ताव भेजा है संशोधन क्या होगा इस विषय पर प्रबंधन को प्रभावित उपभोक्ताओं को बताना होगा किसी भी तरह का एक पक्षीय बदलाव ,जिसमें लीज प्रीमियम राशि की मांग का कोई प्रस्ताव हो स्वीकार योग्य नहीं होगा। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने भिलाई प्रबंधन को आगाह किया है की जिस प्रीमियम राशि का भुगतान प्रभावित जब पक्षों ने भूमि के आवंटन के समय कर दिया है वह लीज प्रीमियम की राशि सेल बोर्ड को हर हाल में वापस लेना होगा और किसी भी तरह का निर्णय लेने के पहले सांसद विजय बघेल को विश्वास में लेना होगा।

### पुनर्विचार तभी जब 2008 के निर्णय खारिज हो

जैन ने सांसद बघेल से अपील की है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के,नव नियुक्त डायरेक्टर इंचार्ज ,चितरंजन महापात्र के साथ भिलाई स्टील सिटी चैंबर के पदाधिकारी के साथ एक बैठक आयोजित हो। जहां इस विषय पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भेजें गए प्रस्ताव की जानकारी से अवगत कराया जाए। ताकि भारतीय इस्पात प्राधिकरण की बैठक में ,लिया जाने वाला निर्णय सम्मानजनक हो ,और अब तक के किया गए प्रयासों पर कोई सम्मानजनक निर्णायक हल आ सके। जरूरी नहीं की भिलाई इस्पात संयंत्र किसी एकपक्षीय प्रस्ताव पर ,शहर का प्रभावित उपभोक्ता प्रबंधन के पक्ष को स्वीकार कर सके।

### दस साल में मात्र 37 लीज पंजीयन

चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने यह भी कहा है भारतीय इस्पात प्राधिकरण को इस बात पर भी विचार करना चाहिए की वह कौन से कारण है की पिछले 10 वर्षों में मात्र 37 दुकानदारों ने लीज पंजीयन को करवाया और उसमें से 15 दुकानदारों ने शपथ पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि प्रबंधन द्वारा बेदखल करने, विद्युत कनेक्शन काटे जाने एवं तरह-तरह से स्थल पर जाकर प्रभावित उपभोक्ताओं पर राशि भुगतान का दबाव बनाया है जो न्याय संगत भी नहीं था अब वही उपभोक्ता राशि वापसी की मांग कर रहे हैं।

### 1500 में से केवल 250 को पत्र मिला

नगर सेवा विभाग के अधिकारियों ने लगभग 1500 प्रभावित व्यापारियों में मात्र दो से ढाई सौ प्रभावित व्यापारियों को पत्र भेजा है। 75 व्यापारियों के प्रकरण उच्च न्यायालय में और 15 व्यापारियों के प्रकरण जिला न्यायालय में विचार योग्य स्वीकार किया गए हैं और 15 व्यापारियों को उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी कर भिलाई इस्पात संयंत्र को प्रकरण के निराकरण तक रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

# श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने बड़गांव में तुलसी जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा






रविवार को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान तहसील इकाई डौंडीलोहारा लोहारा द्वारा समस्त ग्रामवासी एवं स्थानीय मानस मंडली बड़गांव के सहयोग से तुलसी जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें पूज्यपद श्री राम बालक दास जी महाराज जामडी पाटेश्वर धाम जिनका पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीताराम साहू श्याम,अध्यक्षता रोहित देशमुख जी विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा वैभव साहू जिला पंचायत सदस्य, डोमेन्द्र राजपूत जनपद पंचायत सदस्य सुरेश ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, सनत कुमार दुबे उपसरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, युगल किशोर साहू संचालक श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बड़गांव, वेद लाल पटेल ग्राम प्रमुख, अशोक कुमार पटेल गणमान्य नागरिक, भगवती प्रसाद दुबे सेवानिवृत्ति व्याख्याता उपस्थित रहे। वक्ता के रूप में संगीता निषाद, मनहरण लाल वर्मा एवं राजेंद्र देशमुख ने अपने वक्तव्य दिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन में माननीय अध्यक्ष रोहित देशमुख ने कहा कि सत्यता को बिना जाने धर्म और धर्म पथ पर चलने वाले पथिकों के विरुद्ध वार्तालाप करने से हम सनातनियों को बचना चाहिए। मुख्य अतिथि सीताराम साहू श्याम ने अपने स्वरचित कविता बुझो बुझो गोरखनाथ अमृतवाणी एवं विभिन्न रचनाओं के द्वारा जनमानस को संबोधित किया, पूज्य संत श्री राम बालक दास जी ने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ महतारी और राम के माता कौशल्या के संबंध में एवं बड़गांव में स्थित श्री सिद्ध पीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के प्रति अपनी आस्था प्रकट की और मुख्य रूप से तीन वक्ताओं में पहले संगीता निषाद ने आज के समाज में विकृति के संबंध में अपने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये, मनहरण वर्मा ने श्री तुलसीदास जी के जन्म और उनसे जुड़ी विभिन्न घटनाओं को जनमानस में विशेष प्रकाश डाला, राजेंद्र देशमुख ने किष्किंधा कांड के दोहा के माध्यम से शांति की खोज एवं भक्ति किस प्रकार किया जाए इस पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया मंच में विजय पटेल, कीर्तन कृपाल, तारकेश्वर पटेल, पप्पू पटेल, श्रीमती पार्वती साहू ने संगीत के माध्यम से समा बांधा। अंत में गणेश राम यदु संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने सभी के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तहसील इकाई के समस्त पदाधिकारी गण सम्मिलित थे। जिसमें मुख्य रूप से उपाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रवण यादव, मीडिया प्रभारी गौकरण गंजीर, सलाहकार चंदन भारतद्वाज, कार्यकारी सदस्य पीतांबर साहू, इंद्र कुमार भंडारी, बिसुन मराठे, नंदू राम सिन्हा, उमेंद्र सिंह यादव एवं मातृ शक्तियां उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन संयोजक लालेश्वर साहू, सचिव लालेश्वर पटेल, सलाहकार बिरेंद्र अजनबी ने किया। यह जानकारी प्रतिष्ठान के मीडिया प्रभारी गौकरण गंजीर ने दी।

# विश्वास, भरोसे और भगवान महादेव की अनुपम श्रद्धा का महीना होता है सावन : पं. प्रदीप मिश्रा

- लाखों की संख्या में रोज पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित जयंती स्टेडियम के मैदान में आयोजित शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा स्थल के पांचों प्रमुख पंडालों के बावजूद बाहर भी बैठे श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। बोल बम सेवा समिति के संस्थापक व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम इन लाखों भक्तों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने में जुटी। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने उनकी भक्ति की सराहना की। शनिवार की कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सावन का जो पवित्र महीना होता है, वह विश्वास का, भरोसे का और भगवान महादेव की अनुपम श्रद्धा का महीना होता है। इसमें भगवान शिव को कैसे रिझाना है, मनाना है, यह मनुष्य की भक्ति पर निर्भर करता है। पूरे वर्ष में केवल सावन का महीना ही ऐसा होता है, जिसमें मनुष्य, नाग, देव, गंधर्व, छोटा से छोटा जीव, यदि भगवान के शिवालय तक भी पहुंच जाता है तो महादेव उस पर कृपा कर ही देते हैं। पं. मिश्रा ने कहा कि आप जिस भाव से शिव की आराधना कर रहे हैं, शिवजी आपकी मनोकामना एक न एक दिन पूरी जरूर करेंगे।

शिवभक्त की आंखों में कोई आंसू लाता है तो उसका जवाब शिवजी ही देते हैं। इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि किसी पर कीचड़ उछालना तो सोझ समझकर, क्योंकि वो एक दिन स्वयं पर वापस जरूर आता है।

## खबर संक्षेप



### रसायनज्ञ प्रफुल्ल चंद्र रे जयंती का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा रसायन शास्त्री आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, रसायन विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने प्रफुल्ल चंद्र रे के संबंध में बताया कि उन्हें मास्टर ऑफ नाइट्राईट का नाम दिया गया तथा वे प्रथम भारतीय थे, जिन्हें डॉक्टर ऑफ साईंस की उपाधि दी गई। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बी. मैथ्यू ने आचार्य रे के जीवन एवं उनके वैज्ञानिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रफुल्ल चंद्र रे न केवल आधुनिक रसायन शास्त्र के जनक थे, बल्कि प्रखर देश भक्त और समाज सेवी भी थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिये भी आचार्य रे के जीवन तथा कार्यों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### भोजन पानी से जरूरी स्वच्छ प्राणवायु : देवांगन



**दुर्ग।** नागेश्वरी बुनकर सहकारी समिति नगपुरा द्वारा 50 फलदार पौधों का रोपन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से आवला, आम, अमरूद, नीबू, सहजन आदि मिलाकर कुल 50 पौधा रोपे गए। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन मौजूद रहीं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं, भोजन, पानी से ज्यादा महत्त्वपूर्ण वायु है। सांसे रहेंगीं तो हम रहेंगे। इस मौके पर राजू लाल कोहले संचालक, भूपेन्द्र देवांगन, गुहा राम देवांगन अध्यापक, ऋषि देवांगन, भरत देवांगन गिरेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुजाता देवांगन हेमन्त सिन्हा मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता पवन महतेल, रमेश देवांगन, गवेन्द्र देवांगन, शिव निषाद, शिव देवांगन, शंकर राउत, राही सिन्हा, यशोदा निशाद, लोकेश्वरी देवांगन, रानी साहू आदि मौजूद थे।

### दो वरिष्ठ लिपिक हुए सेवानिवृत्त, दी गई बिदाई

**दुर्ग ।** जिला कार्यालय दुर्ग के दो वरिष्ठ लिपिक आलोक नारंग सहायक ग्रेड 3 एवं अशोक शर्मा सहायक अधीक्षक अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर 31 जुलाई को सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर जिला कार्यालय दुर्ग के सभागृह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

पेज 9 का शेष

### पशुओं की लड़ाई में दो ...

स्थानीय प्रशासन ने ना कोई जांच टीम बनाई, ना ही कोई पशु मालिक चिन्हित किया गया, ना ही सार्वजनिक स्थलों से आवारा पशुओं को हटाने की कोई मुहिम चलाई गई। पशु मालिक अपने घरों में चैन की नींद सोते रहे और उनके मवेशी शहर की सड़कों पर मौत बांटते रहे। हादसे के बाद अब तक न तो किसी पशु मालिक पर केस दर्ज हुआ और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी को जवाबदेह ठहराया गया। दल्लीराजहरा के स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी जिम्मेदार तंत्र द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यह दुर्घटना प्रशासन की अनदेखी और नगर पालिका की निष्क्रियता का नतीजा है। जिस आदेश में लोक शांति, आपातकालीन सेवाओं की निर्बाधता और कानून व्यवस्था की बात कही गई थी, वही आदेश दल्लीराजहरा की सड़कों पर मूक तमाशबीन बना खड़ा है।

---

### राजस्थान में स्कूल की छत गिरने से बच्चों की मौत के बाद भी दुर्ग जिले ने नहीं लिया सबक

# खतरे में है जान, जिले के 159 जर्जर सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं बच्चे , 50 ऐसे जिन्हे डिसमेंटल करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राजस्थान में स्कूल की छत गिरने से अध्ययनरत आठ बच्चों की मौत हो गई। इस घटना के बाद दुर्ग जिले में हरिभूमि ने जर्जर स्कूलों की पड़ताल की। पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। 159 सरकारी स्कूल जर्जर हाल में हैं। जिनके मरम्मत की नितांत आवश्यकता है। 50 स्कूल ऐसे हैं जहां कमरों को ही डिसमेंटल करने की जरूरत पड़ेगी। जर्जर कमरों को सुधारने के लिए पिछली राज्य सरकार ने स्कूल जतन योजना शुरू की थी लेकिन अब यह बंद हो गया है। जिसकी वजह से जर्जर क्लास रूम का जतन करना ही बंद हो गया है।



#### इन प्रकरणों से समझिए जर्जर स्कूलों की स्थिति

**केस वन :** शासकीय गुरूनानक प्राथमिक शाला दुर्ग में हाल ही में क्लास रूम प्लास्टर भरभरा कर गिर गया था। जिस समय यह घटना हुई शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे थे। छत का प्लास्टर शिक्षक पर ही गिर गया। जिसकी वजह से शिक्षक को चोटें आई और सिर फूट गया।

**केस दो :** शासकीय प्राथमिक शाला जुनवानी में क्लास रूम काफी पुराना हो चुका है। इस क्लास रूम को सीधे डिसमेंटल करनी पड़ेगी। इसलिए कि ये क्लास रूम काफी पुराना है। कभी भी घटना घट सकती है। इस क्लास रूम से बच्चों का अध्यापन कार्य ही हटा लिया गया है।

**केस तीन:** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पुरई में भी क्लास रूम जर्जर है। प्राथमिक शाला कोटनी और प्राथमिक शाला निपानी स्कूल के कमरे अति जर्जर हाल में हैं। इन स्कूलों के इन कमरों को डिसमेंटल करने की स्थिति है। बच्चों को यहां पढ़ाई नहीं करवा रहे लेकिन यहां से गुजरते हैं। इसलिए खतरा है।

**केस चार :** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरसी की दर्ज संख्या 185 है। इसी स्कूल परिसर में प्राइमरी और हाई स्कूल भी संचालित होते हैं। इस तरह यहां करीब 400 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस स्कूल का निर्माण 100 साल पहले हुआ था। तीन साल पहले बरामदे का पूरा स्ट्रकर गिर गया था तभी से यह इसी हाल में हैं। इस पूरे हिस्से को डिसमेंटल करने की जरूरत है।

#### इन स्कूलों के कही कमरे में दरारें तो कहीं छत का प्लास्टर धसका

**दुर्ग ब्लॉक :** जिले के कई स्कूलों में कहीं कमरों में दरारें आ गई है तो कहीं छत का प्लास्टर ही नीचे गिर रहा है। दुर्ग ब्लॉक में प्राथमिक शाला नेवई,धनोरा, प्राथमिक शाला हाउसिंग बोर्ड भिलाई, प्राथमिक शाला कसारीडीह, प्राथमिक शाला सेक्टर 6 सहित 44 स्कूलों के कमरे जर्जर हाल में है।

**पाटन ब्लॉक :** पाटन ब्लॉक में प्राथमिक शाला खुड़मुड़ा, प्राथमिक शाला घुघवा, पूर्व माध्यमिक शाला बिजली नगर , पूर्व माध्यमिक शाला जमराव सहित करीब 55 स्कूलों के कमरे जर्जर हाल में है।

**धमधा ब्लॉक :** धमधा ब्लॉक में प्राथमिक शाला ओटेबंद, प्राथमिक शाला खिलोराकला, पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी सहित 60 स्कूलों के कमरे जर्जर हाल में है। जहां मरम्मरत नहीं हो पाया है। जिससे बच्चों को दिक्कतें आ रही।



#### बारिश में इस तरह बढ़ गया है जोखिम

स्कूली बच्चों ने बताया कि बारिश में क्लास रूम में सीलन आ रहा है। छत से पानी टपकता है। दीवारें क्रेक होने की वजह से सीपेज की समस्या है। ज्यादा बारिश होने की स्थिति में क्लास रूम में बैठ नहीं पाते। इधर-उधर बैठाते हैं। सबसे ज्यादा डर छत से प्लास्टर गिरने का रहता है। कब किसके सिर पर प्लास्टर का टुकड़ा गिर जाए। इस भय में पढ़ाई पर ध्यान ही नहीं रहता। शिक्षकों ने बताया कि हमें भी यह डर लगा रहता है कि पढ़ाते वक्त कोई घटना न हो जाए। करंट भी फैल सकता है।

#### प्रस्ताव भेज रहे हैं

सभी ब्लॉको के स्कूलों से जर्जर कमरों की जानकारी मंगवाई है। आरईएस को संधारण के लिए प्रस्ताव भेज रहे हैं। जहां डिसमेंटल की जरूरत है वहां आरईएस के इंजीनियर सर्वे कर रिपोर्ट दिए है। उन्हे एसडीएम के पास भेजा गया है।

**- अरविंद मिश्रा**
डीईओ दुर्ग

#### डिसमेंटल की प्रक्रिया में ही देरी

स्कूल जतन योजना के बंद होने से स्कूल के कमरों का संधारण नहीं हो रहा है। निर्माण एजेंसी आरईएस है लेकिन निर्माण के बाद ऐसा कोई उदारहण नहीं मिलता कि उन्होने कमरों का संधारण करवाया हो। जिला शिक्षा विभाग आरईएस को पत्र लिखता है और आरईएस इंजीनियरों से सर्वे करवाने की बात कहकर टाल देता है। इसी वजह से डिसमेंटल कार्य भी कई स्कूलों के सालों लग गए। शिक्षकों का कहना है कि इनकी लापरवाही किसी घटना का इंतजार कर रही है।

---

## नव चेतना ग्रुप ने मनाया हरियाली सावन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवचेतना समाजसेवी संगठन द्वारा कला केंद्र बालोद में हरियाली सावन महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में सभी महिलाएं हरी साड़ी, हरी चूड़ी और सोलह श्रृंगार में शामिल हुईं। सावन गीत पर महिलाएं खूब झूमी। संगठन के तरफ से सभी महिलाओं को श्रृंगार सामान का प्रदान किया गया।

■ सुहागिनों को सुहाग का सामान वितरण किया

संगठन की संचालिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने कहा के सावन का महीना श्रृंगार का महीना होता है, हम महिलाओं को सम्मान देने के लिए बुलाए हैं, क्योंकि सभी महिलाएं सुंदर और सजी–धजी हैं, सभी के श्रृंगार अतुलनीय है, उसमें किसी एक को चुनना अच्छा नहीं है। इसलिए वहां पर आई हुई सभी महिलाओं को एक समान सम्मान दिया गया, सभी को प्रथम स्थान दिया गया और सभी को श्रृंगार सामान दिया गया। इस कार्यक्रम में नव चेतना ग्रुप के अध्यक्ष पद्मिनी साहू, उपाध्यक्ष रेणुका निषाद, कोषाध्यक्ष भारती सहारे, सहकोषाध्यक्ष आरती साहू, सचिव डिकेश्वरी साहू, सहसचिव दुर्गा जोशी, प्रेमा साहू, निशा नाथ योगी, सुशीला, दीप्ति, गौरी राव, योशिका, ट्विंकल, एंजेल शामिल हुई।

## महिलाओं ने सावन महोत्सव का आयोजन किया



**बालोद।** ब्लॉक मुख्यालय गुण्डरदेही में नारी शक्ति द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुई। कार्यक्रम मे पारंपरिक सावनी गीतों की प्रस्तुती की गई।

इस विशेष आयोजन में महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में भाग लेकर सावन की संस्कृति को संजोया तथा कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अनेक लोकगीतों पर सावन महोत्सव का आनंद लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पहली बार गुण्डरदेही के सावन महोत्सव में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ हैं और आगे भी इस तरह का आयोजन में शामिल होने का मौका मिलेगा तो जरूर शामिल होकर सभी बहनों का उत्साहवर्धन करने का प्रयास करूंगी। तारणी चन्द्राकर ने कहा सनातन संस्कृति मे श्रावण मास का बहुत महत्व है, श्रावण मास भगवान भोलेनाथ की आराधना का मास है, इसी मास से छत्तीसगढ़ मे त्यौहारो की श्रृखला प्रारंभ होती है। पहला त्यौहार हमने हरेली के रूप मे मनाया है।

इस प्रकार के आयोजन से हम अपनी परंपरा, संस्कृति, धर्म को जीवंत बनाते है एवं हम अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति परंपरा से अवगत कराते है। हमे अपनी संस्कृति परंपरा को संरक्षित, सुरक्षित रखने की दिशा मे ध्यान देना होगा। हमारी संस्कृति परंपरा पर पाश्चात्य संस्कृति का अतिक्रमण न हो इस बात का ध्यान रखना होगा।

---



## हायर सेकंडरी में हुआ छात्र संघ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़। छात्र संघ चुनाव हुआ। चुनाव संपन्न कराने चुनाव दल का गठन किया गया था, जिनमें पीठासीन अधिकारी की भूमिका में वायएस मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता थे।अधिकारी क्रमांक 01-सी.जी. पटेल व्याख्याता थे, अधिकारी क्रमांक 2 जेपी बांधव व्याख्याता, अधिकारी क्रमांक 3 हेमेंद्र कुमार साहू व्याख्याता, अधिकारी क्रमांक 4 त्रिजला ठाकुर तथा सहयोग की भूमिका में घनश्याम पटेल व्याख्याता तथा मुक्ति मैडम थीं। छात्र संघ उपाध्यक्ष तथा उप कक्षा नायक 11वीं कला विभाग थे।

बाकी सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए छात्र संघ अध्यक्ष- कुमारी पूजा कला विभाग 12वीं बनी। छात्रा प्रतिनिधि के रूप में कुमारी यशस्वी 12वीं साइंस, कुमारी लिसा कोठारी 11वीं, कुमारी भारती दसवीं, कीड़ा सचिव कुमारी रंजीता 11वीं, उप कीड़ा सचिव कुणाल कक्षा दसवीं, अनुशासन सचिव कुमारी चंद्रमुखी 12वीं साइंस, अनुशासन उप सचिव देवेश कुमार 11वीं कला, स्वच्छता उप सचिव वैभव व नीरज दसवीं, स्वच्छता सचिव कुमारी चांदनी सिन्हा 11वीं कला, सांस्कृतिक सचिव कुमारी रितु 11वींकला, सांस्कृतिक उपसचिव कुमारी तुलसी नवमी, बागवानी सचिव कुमारी गरिमा 11वीं साईंस, बागवानी उप सचिव उमेश कुमार नवमी, 12वीं कक्षा प्रतिनिधि कला- कुमारी कुनिता, कक्षा उप प्रतिनिधि 12वीं कला, आकाश कुमार,कक्षा नायक 12वीं साइंस विभाग- कुमारी मीनाक्षी उप कक्षा नायक 12वीं साइंस विभाग- जितेंद्र कुमार, कक्षा नायक 11वीं कला विभाग प्रभात कुमार, उप कक्षा नायक 11वीं कला विभाग कुमारी प्रेरणा कक्षा नायक 11वीं साइंस नोसमी, उपकक्षा नायक 11वीं साइंस लीना, कक्षा नायक दसवीं विकास कुमार, उप कक्षा नायक दसवीं कुमारी निहारिका, कक्षा नायक नवमी कुमारी चंचल, उप कक्षा नायक नवमी चंद्रकांत और उपाध्यक्ष के पद पर कुमारी दामिनी अपने प्रतिद्वंदी को 16 मतों से पराजित किया। ठीक उसी प्रकार उप कक्षा नायक कला विभाग 11वीं कुमारी प्रेरणा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को एक मत से पराजित किया। इस अवसर पर मुखर्जी नेसभी विजयी पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं तथा अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

## रेंगाडबरी में हुआ पुंसवन संस्कार कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा के मार्गदर्शन में वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में तेरह गर्भावती बहनों का पुंसवन संस्कार किया गया। संस्कार के माध्यम से गर्भस्थ शिशु को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने हेतु जानकारी दी गई। घर के वातावरण को आध्यात्मिक बनाने के लिए बलि वैश्य यज्ञ के बारे में बताया गया। इस यज्ञ के माध्यम से हम घर के सभी सदस्यों के मनः स्थिति को सुंदर और सुखी बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ से तुलसी साहू, नैन साहू, खमीन झरिया, रेखा साहू, धनेश्वरी सिन्हा, योगिता, चेतना कंवर, कविता ढाले, मितानिन प्रशिक्षक दीपमाला श्रीवास्तव, मितानिन पार्वती, नेमीन, निर्मला दुरपत, खेमीन आदि का सहयोग रहा।

## ग्राम पटेल संघ की बैठक में संवैधानिक अधिकारों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम रेंगाडबरी जोन में रविवार को ग्राम पटेल संघ का बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्राम पटेल की मांग 1959 भू-राजस्व संहिता 222 से 231 तक जो अधिकार ग्राम पटेल को दिया गया है उसे पूर्ण रूप से लागू किया जाए, अन्य राज्यों की भांति पूर्ण कार्य व सुविधा दी जाए तथा आवेदकों द्वारा एवं जमीन खरीदी बिक्री, नामांतरण, फौती, सीमांकन, धान खरीदी, रजिस्ट्रेशन के लिए पटेलों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाए, पटेलों की उपस्थिति अनिवार्य तथा साथ ही साथ हस्ताक्षर होना अनिवार्य किया जाए, जिससे भू राजस्व लगान की वसूली आसानी से की जा सके। राज्य के सभी पंचायतों में पटेलों को स्थाई सदस्य के रूप में रहने की मान्यता दी जाए, जिससे ग्राम के विकास में गतिशीलता आए एवं मनमानी पर रोक लगे, पंचायती राज व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण के लिए ग्राम पंचायत एवं ग्रामसभा सहयोग करने एक सेतु के रूप में ग्राम विकास एवं न्याय समिति का गठन व उनके क्रियान्वयन के लिए बालोद जिलों में भी एक विशेष अभियान के तहत कार्य किए जाने पर चर्चा हुई।

पटेल संघ के अध्यक्ष कुशल सिंह मंडावी, उपाध्यक्ष नंदलाल कुंजाम, सचिव सनत कुमार साहू, सहसचिव विजय ठाकुर, संरक्षक चंद्रशेखर सुकतेल, संगठन मंत्री राधेलाल राणा, कोषाध्यक्ष उपेतराम भुआर्य, सलाहकार रंजन लाल, सदस्य अशोक सहारे सखाराम, चमरा राम, पुरानिक, तोरण लाल कृष्णाने, राजू राम कोठारी, फगुवा राम निषाद, बहुर सिंह, बिहऊ राम, सुरेश कुमार, रामसाय, बाल सिंह मंडावी, सुखराम यादव, मंगल सिंह कोर्राम सहित गांव के अनेक पटेल उपस्थित रहे।

## पीएम आवास में रुचि नहीं लेने वाले हितग्राहियों का आवेदन होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिपं. के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दो पाली में बैठक दुर्ग एवं पाटन में जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्रमंआयोग्रा, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जनपद पंचायत दुर्ग एवं पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा आदि उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा बेघर को घर देने वाली यह एक महत्वपूर्ण योजना है। आवास निर्माण में लापरवाही पर त्वरित कार्यवाही प्रस्तावित किया जाएगा। उन्होने कहा कि बैठक में आवास के नोडल, ग्राम पंचायत सचिव, आवास मित्र सप्ताह में दो दिन आवश्यक रूप से भ्रमण करें। रूचि नहीं ले रहे हितग्राही को निर्माण कार्य के लिए प्रोत्सहित करेंगे।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण राज्य कार्यालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 31 जुलाई तक जनपद पंचायत दुर्ग के 501 एवं जनपद पंचायत पाटन के 282 प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराए जाने एवं 20 सितम्बर, तक जनपद पंचायत दुर्ग के 823 एवं जनपद पंचायत पाटन के 1279 द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये गये। हितग्राही को समझाईश दे कि शासन से प्राप्त आवास राशि सही उपयोग किया जाए। समय-समय पर आवास गुणवत्ता को ध्यान रखते हुये निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए।

## विधायक राज महंत ने डोमान लाल कोर्सेवाडा से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव साय एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय की सहमति तथा जिला प्रभारी संदीप शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवागन के अनुमोदन से जेवरा सिरसा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा होने के पश्चात प्रथम बार पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी परिवार अहिवारा विधानसभा के विधायक राज महंत डोमान लाल कोर्सेवाडा से सौजन्य मुलाकात की।

इसमें मंडल के अध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष नरसिंह धनकर, देव कुमार सिंह, नूतन बंछोर, अनिल यादव, महामंत्री सुखनंदन देशमुख, सचेंद्र राजपूत, मंत्री सुशीला साहू, वेद प्रकाश साहू, सुनीता यादव, पूर्णिमा यादव कोषाध्यक्ष किशन साहू, सह कोषाध्यक्ष शगुन निषाद, कार्यालय मंत्री होरीलाल साहू, सह कार्यालय मंत्री सूखीत निषाद मीडिया प्रभारी हेमंत चौहान, सह मीडिया प्रभारी दुष्यंत देवांगन, सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश, सह सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, आईटी सेल प्रभारी भीषम मढरिया, सह आईटी सेल प्रभारी हेमंत कुर्रे, कार्य समिति के सदस्य योगेंद्र देशमुख, लालमन यादव सुखराम निषाद, महेंद्र साहू, प्यारी पवार पंचराम साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, गणेश नागवंशी, भुनेश्वरी कुर्रे, रूपेश सार्वे गिरिजा तिवारी, संतोष साहू, कमल साहू आदि उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैंसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### शिव कथा निरस्त, कथाकार पर उठाये गए सवाल



**बालोद।** ब्लॉक के ग्राम पोंडी निवासी पं. दानेश्वर प्रसाद मिश्रा ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा कथित तौर पर राजनांदगांव के कथा को पैसा नहीं मिलने पर रद्द करने के मामले में अपनी बात रखते हुए कहा कि वैदिक परंपरा एवं सनातन धर्म के अनुसार जो कथावाचक व्यास गद्दी पर बैठता है या उसकी परंपरा उसके धर्म कर्म को जानता है वह व्यासगद्दी पर बैठने से पहले अपनी न तो कोई राशि तय करता है ना ही वह लेने का अधिकारी होता है। क्योंकि सनातन परंपरा से श्रीमद् भागवतजी एवं अन्य शिव महापुराण जैसे कथा करने वाले बड़े-बड़े संत ऋषि महात्मा हुए वो व्यासगद्दी में बैठने से पहले न राशि तय करते हैं न मांग और न ही राशि नहीं देने पर कथा को निरस्त करते हैं। जहां तक पंडित प्रदीप मिश्रा का कथा जो राजनांदगांव में होना था उसमें पैसे की मांग करना और नहीं मिलने पर कथा को कैंसिल करना लाखों की भक्तों का अपमान है।

### पेंशनरों की बैठक 5 अगस्त को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की मासिक बैठक दिनांक 05 अगस्त दिन मंगलवार, समय दोपहर 12.00 बजे अपरान्ह से नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में रखी गई है। इस बैठक में केन्द्र सरकार के द्वारा पेंशनरों को आठवाँ वेतनमान का लाभ न देने के सम्बंध में, जिनका पेंशन कटौती हुआ है ऐसे लोगों को रिटर्न फार्म भरना होगा, जिसके लिए पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं पासबुक की छपाई पूर्ण कर फोटोकापी साथ लेकर चार्टर एकाउण्ट जैन एण्ड जैन बालोद एवं बगरिया परसुली से पूर्ण करावे। प्रांतीय बैठक रायपुर एवं जिला बैठक बालोद की जानकारी दी जावेगी। साथ ही आय-व्यय का हिसाब, बालोद जिला सदस्यता एवं तहसील डौण्डीलोहारा की सदस्यता पूर्ण करने के लिए सम्पर्क करने की योजना की जावेगी। उक्त बैठक में यदि किसी का व्यक्तिगत समस्या है, तो आवेदन पत्र साथ लेते आवे, ताकि निराकरण किया जा सके। नये सदस्यों का सम्मान किया जावेगा। सियाराम शार्वा, अध्यक्ष पेंशनर समाज डौण्डीलोहारा ने एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए आग्रह किया है कि, अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

गोलमाल

सूचना के अधिकार के तहत मामला हुआ उजागर

# एक पंचायत ने दूसरी पंचायत के बिल का भुगतान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम पंचायत जामगांव बी में एक बार फिर दूसरी पंचायत के बिल का भुगतान करने का मामला सामने आया है। इस बार ग्राम पंचायत ने ग्राम पंचायत सांकरा के बिल का भुगतान कर दिया है। जामगांव बी में बीते पंचायत कार्यकाल में हुए कार्यो एवं बिलों के भुगतान को लेकर लगातार शिकायतें होने एवं आरटीआई में चौकाने वाले मामले आ रहे हैं। पांच माह पूर्व सूचना के अधिकार में निकाली गई जानकारी में पंचायत जामगांव बी द्वारा ग्राम पंचायत करहीभदर के लिए जारी बिल का भुगतान करने की जानकारी मिली थी, मामले में क्या जांच हुई, क्या कार्यवाही नहीं पता। मामला सूचना के अधिकार के तहत सामने आया। एक अन्य जानकारी में पंचायत सचिव ने जो जानकारी दी है वह पंचायत में व्याप्त अनियमितता एवं लापरवाही और जनपद पंचायत की कमजोर कार्यप्रणाली को उजागर कर दिया है।

वर्तमान में आरटीआई के तहत ली गई जानकारी में ग्राम पंचायत सांकरा क के नाम से जारी बिल के भुगतान करने की जानकारी दी है। अर्थात कार्य ग्राम पंचायत सांकरा क में


आरटीआई से सामने आया अनोखा कारनामा

एक पंचायत ने की खरीदी, दूसरे ने चुकाया बिल!

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर है। अब तो पंचायतें दूसरे पंचायतों के बिलों का भी भुगतान करने लगी हैं। मामला बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बी जामगांव का है। इसकी शिकायत ग्रामीण ने जिला प्रशासन से की है। ग्राम पंचायत बी जामगांव में सूचना के अधिकार से निकाली गई जानकारी में यह चमत्कार देखने को मिला है।


जहां आरटीआई द्वारा निकाले गए एक बिल को देखकर आप भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि क्या ऐसा भी होता है। जिले में यह अपने तरह का अनोखा मामला है, जो शायद ही पहले हुआ होगा। आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत (बी.) जामगांव से आरटीआई के तहत निकाली गई जानकारी के अनुसार एक बिल प्राप्त हुआ है। इसमें पंचायत द्वारा सामग्री खरीदी का जो बिल लगाया गया है, उसमें खरीददार करहीभदर पंचायत अंकित है, किन्तु बिल का भुगतान ग्राम पंचायत (बी.) जामगांव के सरपंच और सचिव के सील साइन से किया गया है। हालांकि, बिल मात्र 798 रुपए की छोटी सी राशि का जरूर है, लेकिन सवाल बड़ा खड़ा कर रहा है। आरटीआई से निकाले गए बिल में अंकित तारीख के अनुसार यह मामला 18/05/2020 का है। संजय वेल्डिंग वर्क्स करहीभदर द्वारा जारी बिल में सामग्री खरीदी करने वाले का नाम ग्राम पंचायत करहीभदर अंकित है, लेकिन बिल के नीचे ग्राम पंचायत बी. जामगांव के सरपंच पुष्पा देवांगन और सचिव की सील साइन है।

अपर कलेक्टर व जनपद सीईओ से लिखित शिकायत

आरटीआई कार्यकर्ता ने ग्राम पंचायत में हुई इस अनियमितता के खिलाफ अपर कलेक्टर व जनपद सीईओ से लिखित शिकायत कर ऐसी और अनियमितता की संभावना जताते हुए पंचायत में हुए कार्यों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि और पंचायत अधिकारी बिना फा... देखे सील व साइन करते हैं या इसके पीछे कोई साजिश है। मामला जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

एक पंचायत सामग्री खरीदी करे और दूसरी पंचायत उसका भुगतान करे, तो यह गलत है। शिकायत पर जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- चंद्रकांत कौशिक, अपर कले...



हुआ एवं उसका बिल का भुगतान ग्राम पंचायत जामगांव बी द्वारा किया गया।

### जामगांव बी ने सांकरा क पंचायत के 24500 रुपए के बिल का भुगतान किया

बिल के अवलोकन से स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत ने बिलों के भुगतान में भी नियमों का ध्यान नहीं रखा। बिल के बिना मुहर लगी तत्कालिक सरपंच पुष्पा देवांगन के ही हस्ताक्षर दिख रहे हैं। जामगांव बी द्वारा ग्राम पंचायत सांकरा क के 24500 रूपयों के बिल का भुगतान किया गया है। यह बिल कचरा परिवहन के लिए भुगतान करना बताया है, जो कि संदेह के दायरे में है। बिना कार्य के भुगतान करने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। मामले में शिकायतकर्ता ने जनपद व जिला प्रशासन से शिकायत की हैं।

पूर्व में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी में जो त्रुटिया पंचायत ने की, वही त्रुटिया वर्तमान में भी पंचायत ने की। पूर्व में जनपद प्रशासन से शिकायत के बाद यदि जनपद प्रशासन प्रभावशाली कार्यवाही करता तो पंचायत उससे सबक सीखता एवं उनके मन में उच्च कार्यालय द्वारा कार्रवाई किए जाने का भय रहता, लेकिन जनपद प्रशासन द्वारा त्वरित व प्रभावशाली कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पंचायत पूरी तरह निरंकुश हो गई है। वर्तमान सरपंच दिनेश कुमार देवांगन जो तात्कालिक सरपंच पुष्पा देवांगन के पति है ने कहा कार्य हुआ है। सचिव की लापरवाही से बिल में त्रुटि हुई है। हमने भुगतान गलत नहीं किया है, चाहे तो मामले में जांच करा ले।

## गायत्री महायज्ञ आयोजन को सफल बनाने ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न



**बालोद।** गायत्री मंदिर में ब्लाक स्तरीय बैठक हुई, जिसमें 8 से 12 दिसंबर में होने वाले 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ आयोजन के संबंध में गहन विचार मंथन किया गया। नगर और ब्लाक स्तरीय चर्चा में जिला स्तर पर मीटिंग बुलाने पर चर्चा किया गया। जिसमें जिला स्तरीय समिति बनाकर कार्यक्रम का विस्तार गहन प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दिया गया है। जिसमे घर घर संपर्क करने चर्चा करने के साथ अन्न घट, पंपलेट, वितरण किया गया, दान रसीद बाद में वितरित किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने के लिए दशरथ कलिहारी, लोचन गुरुजी ओमप्रकाश, राजेंद्र सिंह, उमाशोरी कमल साव ने अपने विचार रखे। बैठक मे नगर और गांव के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शेड और सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन हुआ



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलमांड में जनपद अध्यक्ष ने ग्राम में शीतला मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण व वार्ड क्रमांक 17 में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। इस दौरान सरपंच चमेली बाई साबरसाटी उपसरपंच गंगाधर गांवरे, सोनसाय लेडिंया,पोषकरण साहू, सत्या गावरे, संगीता भंसारे,निलिमा खरे, गोदावरी, मिलन साहू, पूरन लाल, चुन्नी लाल, प्रहलाद साहू द्वारिका प्रसाद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तुलसीदास की जयंती पर हुआ रामचरितमानस पाठ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

जय बजरंग मानस मंडली के तत्वावधान मे ग्राम मुन्देरा मे गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जय बजरंग मानस मंडली के द्वारा गांव के बाजार स्थल मंच पर रामचरित मानस गान का आयोजन किया गया। जहां व्याख्याकार धीराज राम साहू ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की कथाओ का वर्णन विस्तार से किया।

इस कार्यक्रम मे कुंजीलाल साहू, गनपत राम, गुरुदयाल, श्यामलाल पटेल, उत्तम श्रीवास, जगदीश शोरी, भगवानी राम, बिशेसर, अभयराम धनकर, गैंदलाल साहू, बलदराम साहू, पप्पू साहू एवं गोरखराम साहू उपस्थित थे।

## गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने पौधे रोपे और दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

गुरुकुल संस्कार स्कूल अंग्रेजी माध्यम फागुनदाह के बच्चों के द्वारा एक पेड़, गुरु के नाम से पीपल वैज्ञानिक नाम फिकस रिलीजीओसा का पौधा लगाने का शुरुआत किया गया। बच्चों ने पौधारोपण के बाद उसकी सुरक्षा का भी दायित्व संभाला है इस कार्य मे संस्था प्रमुख सहित शिक्षको का सहयोग व मार्गदर्शन है।

गुरुकुल संस्कार स्कूल फागुनदाह में शिक्षा प्राप्त करने वाले फागुनदाह, उसरवारा, भरीगांव, दर्रा, दियाबाती, नरबदा, सर्बदा, दुपचेरा, पेरपार, बागतराई सभी ग्रामों में विद्यालय परिवार द्वारा पीपल का पेड़ लगाया जायेगा। इस दौरान वक्ताओ ने कहा शिक्षा के साथ साथ संस्कार और प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना



को प्रदर्शित करते हुए तालाब, मैदान और रोड किनारे पौधा लगाया गया। भीषण गर्मी 45 से 50 डिग्री पर पहुंच जाता है और आने वाले कुछ ही वर्षों में यह भयावह स्थिति न ले इसलिए बढ़ते गर्मी, बढ़ते प्रदूषण, ऑक्सीजन की कमी को दूर करने व पर्यावरण को शुद्ध रखने, बढ़ते गर्मी से राहत पाने, ओजोन परत की सुरक्षा करने के लिए पीपल का पौधा लगाया गया। पीपल एक ऐसा पौधा है जो 24 घंटा ऑक्सीजन प्रदान करता है, साथ ही साथ हमारे हिन्दू धर्म संस्कृति के मान्यता के अनुसार ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों देवता का वास भी रहता है।

## ऑर्गेनिक साबुन निर्माण का प्रशिक्षण मिला



**बालोद।** शासकीय नवीन कॉलेज घोटिया में हाथ से बने ऑर्गेनिक साबुन निर्माण प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत किया गया। इसका उद्देश्य छात्रें को व्यावसायिक कौशल देना और आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में सहायक प्राध्यापक मोनिका बंजारे ने छात्रें को साबुन बनाने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि ग्लिसरीन बेस, एसेंशियल ऑयल्स, हर्बल तत्व, रंग और सुगंध से कैसे साबुन तैयार किया जाता है। छात्रें को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिला। उन्होंने खुद साबुन बनाकर उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता को जाना। प्रशिक्षण में नीम, एलोवेरा, तुलसी, गुलाब जल, चंदन और प्राकृतिक रंगों से इको-फ्रेंडली साबुन बनाए गए। छात्रें ने खुद हैंडमेड ऑर्गेनिक साबुन तैयार किए।

## खाद संकट से राहत दिलाने की मांग की, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के शासकीय सोसायटियों से किसानों को खाद की पर्याप्त मात्र में आपूर्ति नही होने के कारण किसानों को 2 गुना से ज्यादा दाम पर खाद खरीदना पड़ रहा है। शिवसेना बालोद जिला महासचिव बालमुकुन्द अग्रवाल ने बताया कि शिवसेना किसान सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के आदेशानुसार कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार, सुरेंद्र, सुमित सहित शिवसैनिकों ने खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शिवसैनिकों ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि शासकीय सोसायटियो में कर्ज में किसानों को खाद दी जाती है। इस वर्ष प्रयाप्त मात्र मे खाद प्रशासन उपलब्ध नही करा पाई। जिसके कारण निजी दुकानदारों द्वारा कालाबाजारी कर खाद को ज्यादा दाम पर बेच रहे है और किसान खरीदने मजबूर है। अग्रवाल ने बताया कि शिवसेना ने जिलाधीश महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों पर ठोस कार्यवाही कर किसानों की समस्या पर अंकुश लगाकर उचित दाम पर किसानों को खाद उपलब्ध करवाने की मांग की।

शिव सेना जिला प्रभारी हर्ष शर्मा भारतीय कामगार सेना जिला प्रमुख चेतन साहु महिला सेना जिला अध्यक्ष शकुंतला देवांगन, जिला संगठन कुमार सिंह हिरवानी जिला उपाध्यक्ष चंदन सोनकर नगर प्रमुख अनिल सिंह राजपूत ने मांग की है की खाद की काला बाजारी रोकने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया जाए। शिव सेना पदाधिकारियों ने कहा कि 1 सप्ताह के भीतर खाद की कालाबाजारी पर लगाम नही लगने पर शिवसेना पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

## सौरभ लूनिया ने वार्ड 17 स्थित अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भाजपा जिला महामंत्री बनने के बाद सौरभ लूनिया ने दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 17 में स्थित 50 बिस्तर अस्पताल का अचौक निरक्षण के बाद शासन प्रशासन को जिला एवं प्रदेश स्तर के प्रमुखो से चर्चा कर स्थिति से अवगत कराया। इधर सौरभ लूनिया के अचानक निरीक्षण से स्वास्थ महकमा मे हड़कंप मच गया। सौरभ लूनिया ने आलाधिकारियो को बताया कि निरीक्षण के दौरान केवल 2 स्टाफ ही उपस्थित थे व 5 मरीज बैठे मिले जिनका इलाज नहीं हो रहा था। अस्पताल के वार्डो मे पूरे बिस्तर खाली पड़े थे। आरोप है कि यहां स्वास्थ महकमा की यही स्थिति है जिससे यहां कम ही मरीज आते है।

लुनिया ने आलाधिकारियो को बताया कि उपस्थिति पंजी में कुल 22 स्टाफ का नाम दर्ज है जिसमें से लगभग 15 स्टाफ की प्रतिदिन उपस्थिति दिख रही है। यदि 15 स्टाफ रोज आ रहे तो मरीजों को सभी जरूरी ईलाज व दवाइयां मिलनी चाहिए। सौरभ लूनिया ने तत्काल अस्पताल अधिकक्षक मेरिया से फोन पर चर्चा कर



जानकारी ली गई व नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था सुधारने कहा। साथ ही सौरभ लूनिया ने जिलाधीश व जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ उइके को भी फोन पर सारी स्थिति से अवगत कराया व बताया कि यहां के उपस्थिति रजिस्टर्ड में 15 लोगों की उपस्थिति मिल रही परंतु वास्तव में सिर्फ 2 लोग ही उपस्थित हैं इसका भी संज्ञान ले। उन्होने कहा कि रजिस्टर मे दिखाई गई उपस्थिति भ्रामक है। वहां चर्चा मे क्षेत्रवासियो ने बताया कि यहां स्टाफ आकर हस्ताक्षर कर चले जाते है। इन आरोपो की पुष्टि इस बात से भी होती है कि 50 बिस्तर अस्पताल मे अधिकांश बेड खाली पड़े है और इस स्थिति मे पड़े है जैसे की उनका उपयोग लंबे समय से नही किया गया है। सौरभ लूनिया के निरीक्षण उपरांत कलेक्टर से की गई चर्चा के बाद प्रशासन ने जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधारने की बात कही है, उन्होने बताया कि कलेक्टर ने चर्चा के दौरान कहा है कि शीघ्र ही वह स्वयं अस्पताल का अचौक निरक्षण करेगी। जिला महामंत्री सौरभ लूनिया ने जिले मे अपना मोबाइल नम्बर सार्वजनिक करते कहा कि हमारे विष्णुदेव साय की सरकार में आम जनता को मिलने वाले किसी भी सुविधा में यदि कोई अधिकारी कोताही बरतेगा तो यह बात बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आप लोग मुझे 24 घंटे कभी भी फोन करके अपनी समस्या बता सकते है।

सौरभ लूनिया के दल्लीराजहरा के प्रति ईमानदार प्रयास के बाद जिले मे आम जनता मे उम्मीद जागी है कि अब जिले शासन की योजनाओ का जरूरतमंद हितग्राहियो को उनकी पात्रता के अनुरूप पूरा लाभ मिल सकेगा। चर्चा के दौरान सौरभ लूनिया ने कहा हमारे प्रदेश व देश की भाजपा सरकार ने कई जनहितकारी योजनाएं प्रारंभ की है लेकिन कुछ गैर जिम्मेदार व लापरवाह अधिकारी, कर्मचारी आम जनता को उन योजनाओ के लाभ से वंचित कर रहे है। यह स्वीकार नही है। सभी को अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा।

## स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है:दामिनी



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत झोला में स्वच्छ ग्राही क्रांति स्व सहायता समूह को कचरा कलेक्शन हेतु रिक्शा सौंपा गया एवम ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमे सभी विभाग के जानकारी ग्रामवासियों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से छेत्र की जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू उपस्थित रही साथ में गांव के सरपंच बसंती कौशल निषाद, उपसरपंच भगत राम यादव पंच गण बेनिराम देशलहरे, गायत्री निषाद, रेवा नागरची, स्व सहायता समूह के अध्यक्ष रीना देशमुख, सक्रिय महिला हेमलता नेताम ,दामिनी देशमुख सदस्य गण तिजमत साहू, बिनेश्वरी यादव,रेवा जगपाल, शैलेंद्री देशमुख,शारदा देशमुख, मांगा निषाद ,सरस्वती निषाद, लक्ष्मी निषाद एवम कृष्णा निषाद तथा पंचायत सचिव शेषणारायण चंद्रवशी, रोजगार सहायक उग्रसेन देशमुख, पंचायत ऑपरेटर हेमंत साहू, चपरासी संतोष नागरची उपस्थित थे। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने ग्रामीणों एवम समूह के सदस्यों की समस्या सुनी एवम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने कहा तथा लोगों को भी जागरूक करने को कहा ताकि हम अपने घर के साथ साथ गांव को भी स्वच्छ रख सके तभी हमारा स्वच्छ भारत का मिसन सफल हो पाएगा। उन्होंने बताया की स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सिंग फटाका
गौरी नगर रेल्वे क्रासिंग के पास, मेन रोड, राजनांदगॉव (छ.ग.)
Mob: 9827404040, 9301206269
50% छूट
मान्यवर,
दिपावली सीजन का फटाका बिक्री शुभारंभ
दिनांक 11.08.2025 दिन सोमवार
नगद खरीदी करने पर विशेष छूट वाला रेट
दिनांक 11.08.2025 से 31.08.2025
उपरोक्त 21 दिनों में इस सीजन के सबसे कम रेट रहेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
7 दिन
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 10वी बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में फिर से
जनता की मांग पर 7वीं बार : 4 अगस्त से 8 अगस्त तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-